आधुनिक भारत का इतिहास

स्वातंत्र्योत्तर भारत

(खंड-4)

-मणिकांत सिंह

1. निम्नलिखित देशी रियासतों/राज्यों के भारतीय संघ के साथ उनके विलय को बढ़ते हुए क्रम में व्यवस्थित कीजिए-

1.	जूनागढ़	2.	हैदराबाद	3.	कश्मीर
4.	गोवा	5.	पांडिचेरी		

कूटः

(a) 1-2-3-4-5 (b) 3-1-2-5-4

(c) 2-1-4-3-5 (d) 1-5-3-4-2

2. निम्नलिखित में से किस क्षेत्र का भारतीय संघ में विलय ‘ऑपरेशन पोलो’ नामक एक ऑपरेशन कोड के माध्यम से संभव हुआ?

(a) कश्मीर (b) जूनागढ़

(c) हैदराबाद (d) गोवा

3. रजाकारों का सशस्त्र बल संबंधित था–

(a) जूनागढ़ रियासत

(b) हैदराबाद रियासत

(c) भोपाल रियासत

(d) जोधपुर रियासत

4. निम्नलिखित में से कौन-सा/से युग्म सही सुमेलित है/हैं?

	शासक		रियासत
1.	महाबत खानजी तृतीय	-	हैदराबाद
2.	हरि सिंह	-	कश्मीर
3.	मीर उस्मान अली	-	जूनागढ़

कूट:

(a) 1 और 2 (b) केवल 2

(c) 2 और 3 (d) उपर्युक्त सभी

5. कथन (A) : 1942 के भारत छोड़ो आन्दोलन के समय गाँधी जी ने नारा दिया ‘करो या मरो’।

कारण (R) : स्वतंत्रता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अहिंसा का त्याग करना आवश्यक हो गया था।

(a) A और R दोनों सत्य हैं और R, A का सही स्पष्टीकरण है।

(b) A और R दोनों सत्य हैं परंतु R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(c) A सत्य है लेकिन R असत्य है।

(d) A असत्य है लेकिन R सत्य है।